आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–06 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और दीर्घकालिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से कई कदम उठाएं हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रसायन मुक्त खेती और प्राकृतिक खेती को सुदृढ़ करने के साथ निर्यात पर ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026–27 में उच्च मूल्य कृषि उत्पाद पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

एमएसपी में हुए रिफॉर्म से अब किसानों को डेढ़ गुना तक रिटर्न मिल रहा है। इंस्टीट्यूशनल क्रेडिट कवरेज 75 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। पीएम फसल बीमा योजना के तहत लगभग 2 लाख करोड़ रुपए के क्लेम सेटल किए गए।

श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने तीन करोड़ लखपति दीदी तैयार करने का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है।

लखपति दीदी अभियान की सफलता को भी हमें नई ऊंचाई देनी है। अभी तक गांव की तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में हम सफल हो चुके हैं। अब 2029 तक 3 करोड़ में और 3 करोड़ जोड़ना है। ये लक्ष्य और तेजी से कैसे प्राप्त किया जाए, इसे लेकर भी आपके सुझाव महत्वपूर्ण होंगे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में पचास क्विक रिस्पॉन्स टीम– क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी एवं मोबिलिटी मॉडल पुलिसिंग के तीन स्तम्भ हैं। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में क्विक रिस्पॉन्स से लोगों का पुलिस पर भरोसा बढ़ता है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर दौरे पर भी पहुंचे। वहां उन्होंने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अमर शहीद की पावन स्मृतियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

****

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि देश में सर्विकल कैंसर के शीघ्र पहचान, रोकथाम और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक नीति अपनाई गयी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक के साथ कल उन्होंने मीडिया को सम्बोधित किया। इस अवसर पर श्री नड्डा ने कहा कि 30 से 65 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं के लिए इस बीमारी की पहचान की सुविधा देश के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है। इस दौरान सर्विकल कैंसर से बचाव के बारे में प्रस्तावित टीकाकरण अभियान को लेकर जानकारी भी दी गयी।

टीकाकरण अभियान 90 दिन तक चलेगा। टीके की खुराक नामित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उपदृजिला अस्पतालों, जिला अस्पतालों और सरकारी मेडिकल कॉलेजों तथा अस्पतालों में निरूशुल्क उपलब्ध रहेगी। टीकाकरण के बाद किसी भी तरह का स्वास्थ्य संबंधी प्रतिकूल प्रभाव होने की स्थिति में चिकित्सा अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

****

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स गोरखपुर के त्वचा रोग विभाग ने दो नयी विशेष क्लिनिक की शुरुआत की है। इन दोनों क्लिनिक के जरिये बाल त्वचा रोग और सम्पर्क एलर्जी से प्रभावित मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा एवं परामर्श सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। एम्स गोरखपुर के त्वचा रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि इन क्लिनिक की मदद से बच्चों और एलर्जी प्रभावित मरीजों का समय पर सटीक इलाज किया जा सकेगा।

****

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर, इंडिगो एयरलाइन ने पश्चिम एशिया और इस्तांबुल से आने–जाने वाली उड़ानों की टिकट रद्द कराने पर मिलने वाली पूरी छूट 31 मार्च तक बढ़ाने की घोषणा की है। एक रिपोर्ट–

इंडिगो ने बताया कि एयरलाइन ने यात्रियों को सलाह दी है कि यदि उनकी यात्रा निर्धारित है तो वे उड़ान की स्थिति के बारे में अपडेट रहें। साथ ही, अतिरिक्त सहायता या स्पष्टीकरण के लिए यात्री ग्राहक संपर्क केंद्र के नम्बर 91 124 617 3838 पर कॉल कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर परामर्श भी जारी किया किया गया है। इसके अनुसार पश्चिम की ओर जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हो सकती है अथवा उनके समय में बदलाव भी हो सकता है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मौसम विभाग ने आगामी बारह मार्च तक मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी होगी।

****